HARYANA SCHOOL SHIKSHA PARIYOJNA PARISHAD
(Regd. Under Societies Registration Act, 1860)
Shiksha Sadan, 3rd & 4th Floor, Sector-5, Panchkula-134109
Tel: 0172-2586055, | E-mail: simrmsa@gmail.com | Website: www.hsspp.in

Ref. No: 7/3-2024 ACD (4)

Date 07.11.2024

सेवा में

राज्य के सभी,
जिला शिक्षा अधिकारी।
जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी।
जिला परियोजना समन्वयक।

**विषय:–** **विश्वरूप एजुकेशन द्वारा आयोजित किए जा रहे "भारत का संविधान और सामाजिक विज्ञान" विषय पर राष्ट्रीय स्तर के ओलंपियाड के संबंध में।**

******

उपर्युक्त विषय के सन्दर्भ में आपको अवगत करवाया जाता है कि विश्वरूप एजुकेशन द्वारा विद्यार्थियों को संविधान के बारे में अधिक से अधिक जागरूक करने के लिए राष्ट्रीय स्तर के ओलंपियाड का आयोजन किया जा रहा है।

विश्वरूप एजुकेशन पिछले 3 वर्षों से संविधान में छपे चित्रों पर आधारित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन करवाता आ रहा है। इसके पीछे संस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के इतिहास और भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाना, संवैधानिक मूल्यों के बारे में जानकारी देना तथा विद्यार्थियों में देशभक्ति, ईमानदारी और समर्पण जैसे गुणों का संचार करना है।

**ओलंपियाड के बारे में सामान्य विवरण: –**

1. इस प्रतियोगिता में किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा 3 से 12 तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं।
2. प्रतियोगिता में भारत के संविधान और राष्ट्रीय गौरव के प्रतीकों, मानवता के सार्वभौमिक मूल्यों, सत्य, गरिमा, समानता, न्याय, बंधुत्व, स्वतंत्रता और भारतीय मूल्यों से जुड़े विषयों के बारे में प्रश्न पूछे जायेंगे।
3. कक्षा 3 से 5 की प्रतियोगिता में केवल एक राउंड होगा और यह उनके विद्यालय के प्रांगण में ही होगी। इसमें चित्रों से जुड़े 20 प्रश्न होंगे और अवधि 1 घंटे की होगी।
4. कक्षा 6 से 12 के लिए प्रतियोगिता में तीन राउंड होंगे। पहला राउंड उनके विद्यालय में आयोजित होगा। प्रतियोगिता का दूसरा और तीसरा राउंड विश्वरूप एजुकेशन के परिसर में आयोजित होगा। पहले दो राउंड MCQ फॉर्मेट में होंगे और तीसरा राउंड बजर सिस्टम के जरिए आयोजित किया जाएगा।
5. प्रश्न हिंदी और अंग्रेजी दोनों में होंगे।
6. कक्षा 6 से 8 के लिए कुल प्रश्नों की संख्या 40 होगी और अवधि 45 मिनट होगी।
7. कक्षा 9 से 12 के लिए कुल प्रश्नो की संख्या 100 होगी और अवधि 60 मिनट होगी।
8. 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थी दूसरे राउंड के लिए योग्य होंगे। हर श्रेणी से 20 विद्यार्थी तीसरे राउंड में जाएंगे।
9. सभी विद्यार्थियों को भागीदारी का प्रमाणपत्र दिया जाएगा।

**ओलंपियाड के बारे में अतिरिक्त विवरण –**

**पंजीकरण प्रक्रिया –**

1. पंजीकरण केवल विद्यालय के माध्यम से किया जाएगा। ओलंपियाड के लिए पंजीकरण लिंक– http://olympiad.vishwaroopedu.com
2. किसी भी प्रश्न के लिए, 9717412471 या vishwaroopolympiad@gmail.com पर संपर्क करें।
3. हरियाणा के सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को भागीदारी शुल्क से छूट दी गई है।
4. पंजीकरण की अंतिम तिथि 11 नवंबर, 2024 है।

**महत्वपूर्ण तिथियाँ: –**

1. सभी कक्षाओं के लिए विद्यालय स्तर की परीक्षा का पहला राउंड 26 नवंबर 2024 को आयोजित किया जाएगा।

HARYANA SCHOOL SHIKSHA PARIYOJNA PARISHAD
(Regd. Under Societies Registration Act, 1860)
Shiksha Sadan, 3rd & 4th Floor, Sector-5, Panchkula-134109
Tel: 0172-2586055, | E-mail: simrmsa@gmail.com | Website: www.hsspp.in

2. दूसरा राउंड 26 दिसंबर 2024 को या उसके बाद आयोजित किया जाएगा।

3. अंतिम राउंड 11 जनवरी 2025 को या उसके बाद आयोजित किया जाएगा।

4. पुरस्कार समारोह 14 अप्रैल 2025 को या उसके बाद नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।

**स्कूलों के लिए विशेष पुरस्कार** -

1000 या उससे अधिक विद्यार्थियों का पंजीकरण करने वाले स्कूलों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा। जिन स्कूलों में 750 या उससे अधिक विद्यार्थी पंजीकृत होंगे, उन्हें रजत पदक से सम्मानित किया जाएगा। जिन स्कूलों में 500 या उससे अधिक विद्यार्थी पंजीकृत होंगे, उन्हें कांस्य पदक से सम्मानित किया जाएगा

**Cash Prize for different categories of students** -

| Category | Grades 11-12 | Grades 9-10 | Grades 6-8 | Grades 3-5 |
|---|---|---|---|---|
| 1st prize | 1,01,000/- | 1,01,000/- | 1,01,000/- | 11,000/- |
| 2nd prize | 51,000/- | 51,000/- | 51,000/- | 5,100/- |
| 3rd prize | 21,000/- | 21,000/- | 21,000/- | 3,100/- |
| 4th prize | 5,100/- | 5,100/- | 5,100/- | 2,100/- |
| 5th prize | 2,100/- | 2,100/- | 2,100/- | 1,100/- |
| 6th prize | 1,100/- | 1,100/- | 1,100/- | 500/- |
| Consolation prize (350 from each category) | 501/- | 501/- | 501/- | 250/- |

अतः आपसे आग्रह किया जाता है कि अपने अधीनस्थ विद्यालयों के अधिकतम विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें।

07.11.2024
सहायक निदेशक (शैक्षणिक)
कृतेः राज्य परियोजना निदेशक
एच.एस.एस.पी.पी पंचकूला

पृष्ठांकन कमांक समः दिनांक 07.11.2024

इसकी एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:-

1. वरिष्ठ सचिव, माननीय अतिरिक्त मुख्य सचिव विद्यालय शिक्षा हरियाणा, पंचकूला।
2. निजी सहायक, माननीय महानिदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा, पंचकूला।
3. निजी सहायक, माननीय निदेशक माध्यमिक शिक्षा हरियाणा, पंचकूला।
3. सहायक प्रबन्धक, माननीय राज्य परियोजना निदेशक हरियाणा, पंचकूला।

07.11.2024
सहायक निदेशक (शैक्षणिक)
कृतेः राज्य परियोजना निदेशक
एच.एस.एस.पी.पी पंचकूला